26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 20 नवम्बर, 2026
अंक- 26 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

सीएम योगी की मां का निधन

91 वर्ष की आयु में आखिरी सांस ली

कोटद्वार (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी का निधन हो गया है। उन्होंने उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित अपने पैतृक गांव पंचूर में 91 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि वह पिछले कुछ दिनों से बीमार थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भाई ने उनके निधन की पुष्टि की है। सावित्री देवी के निधन की खबर से पंचूर गांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार, कल शनिवार को सावित्री देवी का पार्थिव शरीर हरिद्वार लाया जाएगा। जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, सीएम योगी के भी हरिद्वार पहुंचने की संभावना है।



मां से मिलते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ (फाइल फोटो)।

छोटे बेटे के साथ गांव में रहती थीं सावित्री देवी

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह 11:00 योगी आदित्यनाथ की माता सावित्री देवी 91 वर्ष का पंचूर यमकेश्वर स्थित उनके आवास पर निधन हुआद्य वह अपने छोटे बेटे के साथ गांव में रहती थी। सावित्री देवी की उम्र 91 साल थी। अधिक उम्र के चलते उन्हें अक्सर स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां रहती थीं। 14 मई 2024 को भी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया था। उस समय उन्हें जिरियाट्रिक वार्ड में रखा गया था। मां के अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनका हालचाल जानने एम्स ऋषिकेश पहुंचे थे।

पौड़ी के पंचूर गांव में रहता है परिवार

सीएम योगी मूल रूप से उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित पंचूर गांव के रहने वाले हैं। उनका परिवार आज भी इसी गांव में रहता है। योगी आदित्यनाथ के पिता आनंद सिंह बिष्ट का भी वर्ष 2020 में 89 साल की उम्र में निधन हो गया था। उनके निधन के करीब छह साल बाद अब मां सावित्री देवी के जाने से परिवार और गांव में शोक का माहौल है।

गोल्डी बराड़ पर कनाडा पुलिस ने घोषित किया 1.5 करोड़ का इनाम

चंडीगढ़(एजेंसी/चिंगारी)। पंजाब मूल के सतिंदरजीत सिंह बराड़ उर्फ गोल्डी बराड़ पर कनाडा पुलिस ने डेढ़ करोड़ का इनाम घोषित किया है। गोल्डी बराड़ पर पंजाब के प्रसिद्ध गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या करवाने का आरोप है। गोल्डी ही मूसेवाला हत्याकांड का कथित मास्टरमाइंड है। उसी ने कनाडा से बैठकर भारत में लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह से मूसेवाला की हत्या करवाई थी। कनाडा पुलिस ने देश के 25 मोस्ट वॉन्टेड भगोड़ों में सूची जारी की है। इस लिस्ट गोल्डी बराड़ का नाम 15वें नंबर पर है। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने सोमवार को एक सूची 'बोलो (बी ऑन द लुकआउट) प्रोग्राम' में जारी की। इस सूची में गोल्डी बराड़ का नाम भी है। उसका नाम पंद्रहवें नंबर पर शामिल है। सभी 25 भगोड़ों के बीच उनके आदमकद कटआउट को टोरंटो के योंग-डंडास स्क्वायर में प्रदर्शित किया गया है। सोमवार को 750,000 डॉलर से अधिक के पुरस्कारों की घोषणा की गई।

किरतपुर में प्लॉट बिकाऊ है

तुलाज मार्केट निकट नगीना चौराहा, किरतपुर में 80-80 गज के दो कार्मिशियल प्लाट बिकाऊ हैं। सम्पर्क करें-
9627680957
9410433737



चेयरमैन ने हज आजमीनों को दी हज की ट्रेनिंग



हज आजमीनों को हज की ट्रेनिंग देते चेयरमैन इंजी. मुअज्जम।

नजीबाबाद (चिंगारी)। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म ने 2027 में हज पर जाने वाले आजमीनों के साथ एक मीटिंग कर हज आजमीनों की दूसरी चालान की कॉपी दी। उल्लेखनीय है कि चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म द्वारा कई सालों से हज पर जाने वाले आजमीनों के फ्री फॉर्म भरे जाते है तथा उन्हें ट्रेनिंग दी जाती है। इसी तरह इस साल भी 2027 के लिए हज पर जाने वाले आजमीनों के हज फॉर्म 29 जून से 20 जुलाई 2026 तक भरे गए थे। हज आजमीनों को पहले चालान की कॉपी 6 अगस्त 2026 को दी गई थी। दूसरी चालान कॉपी गुरूवार को दी गई। पिछले 25 वर्षों से चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म द्वारा हज पर जाने वाले आजमीनों को हज फॉर्म व हज ट्रेनिंग दी जाती है। इसी तरह 19 नवम्बर 2026 को हज पर जाने वाले आजमीनों से चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म ने वार्ता कर उन्हें हज चालान की दूसरी कॉपी दी। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म ने हज आजमीनों को हज की ट्रेनिंग व हक़ूक समझाते हुए कहा कि यह ट्रेनिंग हज आजमीनों के लिए बहुत जरूरी है, बार-बार ट्रेनिंग की जरूरत है, जिससे उन्हें हज के दौरान कोई दिक्कत या परेशानी का सामना न करना पड़े। इस मौके पर रोशन जमीर, मोहम्मद नसीम, अनवर अहमद, साजिद, मोहम्मद आफाक, जाकिर हुसैन, असीम अब्बास, बाबू, मुख्तार, यामीन, शाहनवाज, रिहान, शमीम अहमद, यूसुफ, शरीफ अहमद, शाहनवाज आलम, शाहबाज़, अख्तर, शकील अहमद, बिलाल अहमद, महमूद रज़ा, कासिमुद्दीन, मोहम्मद आबिद, मोहम्मद तैयब, मोहम्मद महताब, मोईन खान, अजमल खान, वसीम, तल्हा, फरमान आदि मौजूद रहे।

आज़म खां की रिहाई पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई



नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने कस्बा जलालाबाद की शाहीन मार्केट में एक कार्यक्रम का आयोजन कर सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मौ. आजम खां की रिहाई पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। सपा कार्यकर्ताओं ने आजम खां की रिहाई व न्याय मिलने के लिए सुप्रीम कोर्ट व इलाहाबाद हाईकोर्ट का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि एक दिन सच्चाई की जीत जरूरत होती है। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि मौ. फुरकान खां, जिला उपाध्यक्ष नफीस अहमद, आफताब राईन, अफसर कुरैशी, मुबारिक हुसैन, नीरज कश्यप, जितेंद्र यादव, डॉ. शाहनवाज, सलीम सलमानी, राशिद राईन, शौकीन अहमद, नाजिम, सलीम, वसीम शेख, मौ. गुलसिताब, शहजाद, हाफिज इस्लामुद्दीन, कादिर मलिक आदि मौजूद रहे।

दो बाइकों की टक्कर में एक मजदूर की मौत, साथी घायल

नजीबाबाद (चिंगारी)। दो बाइकों की टक्कर में एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया। क्षेत्र के कस्बा जलालाबाद निवासी प्रेम सिंह (55) पुत्र मंगू सिंह अपने गांव के ही गोपी (40) पुत्र थानी सिंह के साथ मजदूरी करने गए थे। काम खत्म होने के बाद दोनों बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। बाइक गोपी चला रहा था, जबकि प्रेम सिंह पीछे बैठे हुए थे। जैसे ही उनकी बाइक बिजनौर मार्ग पर पहुंची, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार दूसरी बाइक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक अनियंत्रित हो गई जिससे पीछे बैठे प्रेम सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिससे उनकी मौत हो गई। वहीं, इस दुर्घटना में बाइक चला रहे गोपी को भी गंभीर चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक प्रेम सिंह के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

इंदिरा गांधी के जन्मदिन पर कल, कुष्ठ आश्रम में वितरित किये फल



इंदिरा गांधी की जयंती पर फल वितरित करते कांग्रेसी।

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर रायपुर रोड स्थित कुष्ठ आश्रम पहुंचकर वहां रह रहे लोगों को फल वितरित कर इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी ने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश के विकास, राष्ट्रीय एकता व आत्मनिर्भरता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जीवन देश की राजनीति व इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। कार्यक्रम में सभी ने इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके योगदान व विचारों को याद किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ. सलीम सैफी, नगर महासचिव नदीम फारूकी, हसीब अहमद, अरसलान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पीस मॉडल स्कूल में इंदिरा गांधी को याद किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। सुहाना फाउंडेशन के तत्वावधान में पीस मॉडल स्कूल के प्रांगण में देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला सचिव एम. अकरम खां एडवोकेट ने इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता एम. अकरम खां एवं संचालन गोविंद सिंह कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम को मकसूद अहमद, अभिनव अग्रवाल, वसीम अख्तर, निशुपाल, रूपाली पाल आदि ने भी संबोधित किया।

ट्रेन में सीट को लेकर विवाद, महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की

नजीबाबाद (चिंगारी)। ट्रेन में सवार होकर एक महिला शिवराजपुर बिहार से अपनी तीन पुत्रियों के साथ छठ पूजा मनाकर लुधियाना लौट रही थी। बताया जात है कि महिला का ट्रेन में सवार दूसरी महिला से विवाद हो गया। आरोप है कि मुरादाबाद के पास जीआरपी के दो पुलिसकर्मी अजय कुमार व सागर द्वारा अपनी परीचित दो महिला यात्रियों को सीट दिला रहे थे। एक महिला को सीट मिल गई थी। दूसरी को सीट दिलाने के दौरान कहासुनी हो गई। आरोप है कि नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर महिला रूबी पत्नी शर्मा प्रसाद शिवराजपुर बिहार व उनकी तीन पुत्री लक्ष्मी, खुशी व सुनीता के साथ दो मददगार पिक्कू व चन्दन को ट्रेन से उतार लिया गया। दोनो उनके पक्ष में पुलिस कर्मियों से बात कर रहे थे। आरोप है कि मदद करने वाले दोनों लोगों ने पुलिसकर्मियों से मारपीट की। नजीबाबाद जीआरपी थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी गई है। घटना की सूचना आरपीएफ अधिकारियों को भी दी गई।

भाजपा नेता ज़ाकिर मलिक का स्वागत किया



नूरपुर (चिंगारी)। अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष जाकिर मलिक बृहस्पतिवार को गाजियाबाद से नगीना जाते हुए कुछ समय के लिए चांदपुर रोड स्थित दून ममोज फेमिली कैफे पर रुके जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर जाकिर मलिक ने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने व पार्टी की नीतियों व सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कैफे स्वामी जहांगीर मलिक, डॉ. आलमगीर मलिक, अनस मलिक, आजम मलिक, चांद मलिक, अमान मलिक आदि उपस्थित रहे।

आज़म ख़ान की रिहाई पर खुशी का इज़हार किया

अफज़लगढ़ (चिंगारी)। सभासद डा. शाहिद हुसैन ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मोहम्मद आज़म खान को हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से मिलने वाली राहत पर खुशी और संतोष का इज़हार किया है। अपने बयान में सभासद डा. शाहिद हुसैन ने कहा कि आज़म खान को अदालत से मिलने वाली राहत इस उम्मीद को मज़बूती देती है कि न्यायिक व्यवस्था में सच्चाई और न्याय मिलने की गुंजाइश मौजूद है। आज़ाद हिंदुस्तान के राजनीतिक इतिहास में शायद ही किसी राजनेता को इतनी लंबी राजनीतिक और कानूनी परीक्षाओं से गुज़रना पड़ा हो, जितनी आज़म खान को पेश आई हैं। उनके खिलाफ़ दर्ज मुकदमों, विभिन्न कार्रवाइयों और लगातार कानूनी संघर्ष ने उनकी ज़िंदगी को मुश्किल बना दिया है। डा. शाहिद हुसैन ने कहा कि दशकों तक सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहने वाले एक वरिष्ठ राजनेता के साथ लगातार सख्त रवैया अपनाए जाने से लोकतांत्रिक मूल्यों और राजनीतिक असहमति के सम्मान से जुड़े सवाल पैदा होते हैं। राजनीति में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन सत्ता का इस्तेमाल किसी राजनीतिक विरोधी को मानसिक पीड़ा पहुंचाने, उसे अपमानित करने या उसकी आवाज़ दबाने के लिए नहीं होना चाहिए।



सभासद डॉ. शाहिद हुसैन
चिकित्सक

नजीबाबाद में 'सन ऑफ स्वाद' रेस्टोरेंट का शुभारंभ

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के माल गोदाम गुरुद्वारा के सामने नए लुक व आकर्षक इंटीरियर के साथ 'सन ऑफ स्वाद' वेज रेस्टोरेंट का शुभारंभ किया गया है। रेस्टोरेंट के स्वामी ने कहा कि उनके यहां शुद्ध शाकाहारी व्यंजनों की कई शानदार वैरायटी किफायती दाम में उपलब्ध हैं, जो खाने के शौकीनों को एक नया स्वाद देने के लिए तैयार हैं। रेस्टोरेंट की सबसे खास बात इसका बेहद खूबसूरत व आरामदायक सिटिंग एरिया है, शानदार इंटीरियर के साथ यहां बैठने की ऐसी व्यवस्था की गई है, जहां लोग अपने परिवार व दोस्तों के साथ सुकून के पल बिताते हुए लजीज व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं।

व्यापार मंडल में पदाधिकारियों का मनोनयन



पंकज अग्रवाल को बनाया जिला उपाध्यक्ष

बिजनौर (चिंगारी)। पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल नजीबाबाद की एक बैठक रायपुर तिराहा स्थित पंकज अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल उपस्थित रहे। बैठक मे संगठन का विस्तार करते हुये आशीर्वाद आयरन के स्वामी पंकज अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष, अमित चौधरी को नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जतिन दुआ को नगर उपाध्यक्ष और मोहम्मद दानिश अहमद रॉयल जींस मल्टी कलेक्शन को नगर संगठन मंत्री मनोनीत किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुये प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने कहा कि हमारा संगठन अराजनैतिक व्यापारिक संगठन है और सदैव व्यापारी समाज की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत रहता है। हमारा संगठन ऑनलाइन व्यापार का विरोध करता है और व्यापारी सुरक्षा आयोग में व्यापारी प्रतिनिधियो को शामिल करने की मांग करता है। बैठक मे राजन टंडन गोल्डी प्रदेश उपाध्यक्ष, कान्हा आकाश कर्णवाल, तस्लीम सिद्दीकी जिला कोषाध्यक्ष, रुस्तम यादव प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, बुरहान अहमद प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जसपाल राजू, शाकिर शालू नगर युवा अध्यक्ष, नितिन आहूजा, अनूप जैन, नमन गुप्ता, विशाल गुप्ता, सिराज अहमद जॉनी आदि व्यापारी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता अंकित राजपूत नगर अध्यक्ष नजीबाबाद ने और संचालन शोभित मित्तल प्रदेश युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने किया।

विज्ञापन साइट्स ध्वस्त करने से एडवरटाइजर्स को भारी नुकसान



जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर विरोध जताया

बिजनौर (चिंगारी)। अवैध रूप से लगाये गये होर्डिंग्स की आड़ में नगरपालिका ने शुल्क जमा करके लगाये गये पूरी तरह वैध होर्डिंग्स भी ध्वस्त किये जाने से एडवरटाइजर्स में रोष है।

बिजनौर एडवरटाइजर्स एसोसिएशन ने आज जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर नगरपालिका द्वारा उनकी साइट्स के ध्वस्तीकरण को रोकने तथा नुकसान की भरपाई करने की मांग की। जिलाधिकारी ने भरोसा दिलाया कि वैध रूप से लगाये गये होर्डिंग्स को नहीं हटाया जायेगा और नुकसान की भरपाई भी की जायेगी।

एडवरटाइजर्स ने ज्ञापन में बताया कि वह पिछले कई वर्षों से बिजनौर में विज्ञापन का कार्य करते आये हैं। नगरपालिका द्वारा चिन्हित स्थानों पर देय शुल्क जमा कर होर्डिंग स्थापित करने की अनुमति दी जाती है। तत्पश्चात उनके द्वारा साइट लगायी जाती है। इसमें समय-समय पर होने वाले बदलाव के लिये पालिका द्वारा निर्देशित किया जाता है, जिनका पालन करते हैं। इसके बावजूद कल नगरपालिका ने बिना पूर्व सूचना के उनकी अनेक साइट्स ध्वस्त कर दीं, जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ है।

बस डिवाइडर पर चढ़ी *गंभीर हादसा टला*



शेरकोट (चिंगारी)। टायर फटने से हाईवे पर अनियंत्रित हुई बस डिवाइडर पर चढ़ जाने से बड़ा हादसा होने से बच गया। इस घटना में बस की टक्कर से हाईवे पर लगी लाइट का पोल टूट गया। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। आज शुक्रवार की सुबह एक टूरिस्ट बस लुधियाना से हल्द्वानी जा रही थी। नेशनल हाईवे पर मौहल्ला निकम्माशाह स्थित अम्बेडकर धर्मशाला के पास अचानक बस अनियंत्रित हो गई और हाईवे लगा विद्युत पोल तोड़ते हुए डिवाइडर पर चढ़ गई। गनीमत रही जिस समय ये हादसा हुआ उस समय कोई दूसरा वाहन आगे-पीछे नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। बस चालक हरिद्वार निवासी राहुल शर्मा ने बताया कि अचानक सामने आये कुत्ते से बचने के प्रयास में बस का टायर फट गया और बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। उन्होंने बताया बस में लगभग 25 सवारियां थीं, किसी को चोट नहीं लगी है। कुछ देर बाद क्रैन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त बस को हाईवे से हटवा दिया गया।

कार की टक्कर से ई-रिक्शा में सवार तीन लोग घायल

नहटौर(चिंगारी)। पैजनिया मार्ग पर सवारी लेकर जा रहे ई रिक्शा में नहटौर से जा रहे कार चालक ने सामने से टक्कर मार दी, जिसमें रिक्शा चालक सहित तीन लोग घायल हो गये। घटना इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन सड़क के साइड के गड्ढे में जा गिरे, जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। शेखूपुर निवासी ई रिक्शा चालक परवीन पुत्र मंगल सिंह (60 वर्ष) ई-रिक्शा से नहटौर सवारी लेकर आ रहा था। मानपुर के भट्टे के पास नहटौर से तीव्र गति से जा रही कार ने टक्कर मार दी। ई रिक्शा में सवार तसलीम पुत्र फुरकान आयु 32 वर्ष निवासी गांव पैजनिया अथाई, तमन्ना पत्नी तसलीम 30 वर्ष व परवीन घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएससी में भर्ती कराया। उन दोनों की हालत देखकर उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि तहरीर प्राप्त होते ही कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



भली लगे या बुरी...

घटती नौकरियां, बढ़ती बेरोजगारी

इन आंकड़ों को पढ़कर यकीनन आप भी निराश होंगे। पिछले दिनों आये एक सरकारी सर्वे के अनुसार देश/प्रदेश के लगभग एक तिहाई जिलों में लगभग एक तिहाई युवा ऐसे हैं, जो न पढ़ रहे हैं और न कोई काम कर रहे हैं। प्रशिक्षण तक भी नहीं ले रहे हैं। यानी पूरी तरह बेरोजगार हैं और अपने परिवार की पुश्तैनी आय/बचत पर निर्भर हैं। दरअसल, लाख दावों के बावजूद देश में रोजगार की समस्या जस की तस है। लाखों युवा डिग्री लेने के बाद भी बेरोजगार हैं। तकनीकी शिक्षा के वर्तमान स्वरूप को देखकर साफ जाहिर होता है कि हम अभी तक उसे व्यावहारिक और रोजगारपरक नहीं बना पाए हैं। पिछले 25 साल में उच्च शिक्षा और तकनीकी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में काफी विस्तार हुआ है। हजारों इंजीनियरिंग कॉलेज खुल गए हैं और लगातार खुल भी रहे हैं, पर क्या इन संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की गारंटी दी जा सकती है? और क्या यहां से डिग्री लेकर रोजगार की गारंटी है? सच्चाई यह है कि देश के अधिकांश इंजीनियरिंग कॉलेज डिग्री बांटने की दुकान बन कर रह गए हैं। इनसे निकलने वाले लाखों युवाओं के पास इंजीनियरिंग की डिग्री तो है लेकिन काम करने की समुचित योग्यता/स्किल नहीं है। विडम्बना यह भी है कि सरकार भी इन डिग्रीधारी युवाओं को रोजगार देने के लिये कुछ नहीं कर रही। अलबत्ता, गिनती के कुछ युवाओं को रोजगार पत्र देकर सरकार ढिंढोरा पीटती है कि उसके द्वारा रोजगार के प्रबंध किये जा रहे हैं। देश भर में हर साल लाखों इंजीनियर बेरोजगारी का दंश झेलने को मजबूर हैं। पिछले दिनों विभिन्न तकनीकी नौकरियों की सैलरी का सर्वे करने वाली एक रिपोर्ट में बताया गया कि देश में इलेक्ट्रिशियन, फिटर और प्लंबर की मांग बहुत ज्यादा है, जबकि इंजीनियर्स की मांग बहुत कम। सर्वे के अनुसार बारहवीं पास इलेक्ट्रिशियन की औसत सैलरी 15 हजार रुपए प्रति माह है, जबकि डिग्री वाले इंजीनियर की औसत सैलरी 18-20 हजार रुपए प्रति माह यानी कुछ हजार रुपए ज्यादा है। पिछले छह साल में इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर व टेक्नीशियन का वेतन बढ़ा है, जबकि आईटी इंजीनियरों की एंट्री लेवल तनख्वाह लगभग उतनी ही है। रिपोर्ट के अनुसार दस साल पहले जब आईटी का उछाल हुआ था, तब काफी मांग थी।

यूपी की सियासी बिसात पर ठाकुर नेताओं की नई लामबंदी

-संजय सक्सेना लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजनीति में जातिगत समीकरण हमेशा से सत्ता की चाबी रहे हैं, लेकिन नवंबर 2026 की सर्द हवाओं के बीच प्रदेश के सियासी गलियारों में एक नई गर्माहट महसूस की जा रही है। यह गर्माहट किसी एक राजनीतिक दल के दफ्तर से नहीं, बल्कि धार्मिक मंचों, व्यक्तिगत सुख-दुख के आयोजनों और बेबाक बयानों से निकल रही है। केंद्र में हैं कैसरगंज से पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह और प्रतापगढ़ की कुंडा रियासत के दिग्गज नेता व जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के प्रमुख रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया। हाल ही में कुंडा में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की रामकथा के मंच से बृजभूषण शरण सिंह द्वारा राजा भैया के समर्थन में दिए गए बयान और उन्नाव कांड में सजायाफ्ता पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के परिवार के पक्ष में खड़े होने के ऐलान ने एक बड़े राजनीतिक विमर्श को जन्म दे दिया है। सवाल यह उठ रहा है कि क्या 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले उत्तर प्रदेश में ठाकुर (क्षत्रिय) नेतृत्व राजनीतिक दलों की सीमाओं से ऊपर उठकर एक नई सामाजिक और राजनीतिक गोलबंदी कर रहा है?

इस पूरे घटनाक्रम की सबसे ताजा तस्वीर प्रतापगढ़ जिले के कुंडा में देखने को मिली। कुंडा विधायक राजा भैया के संयोजन में आयोजित बागेश्वर महाराज की रामकथा में जब पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह पहुंचे, तो मंच का नजारा केवल धार्मिक नहीं रह गया। मंच से बृजभूषण शरण सिंह ने राजा भैया का हाथ पकड़कर भीड़ की ओर इशारा करते हुए कहा कि राजा भैया का दबदबा पहले भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने दोनों नेताओं के बीच दरार डालने की कोशिश करने वालों को भी कड़ा संदेश दिया। राजनीतिक विश्लेषकों के लिए यह दृश्य बेहद महत्वपूर्ण है। कुछ समय पहले तक सोशल मीडिया और सियासी गलियारों में इस बात पर बहस छिड़ी हुई थी कि पूर्वांचल और अवध की राजनीति में ठाकुरों का सबसे बड़ा चेहरा कौन है, बृजभूषण शरण सिंह या राजा भैया? जनवरी 2026 में गोंडा में बृजभूषण शरण सिंह द्वारा आयोजित राष्ट्रकथा में जब राजा भैया नहीं पहुंचे थे, तब दोनों के बीच अघोषित प्रतिस्पर्धा की अटकलें लगाई गई थीं। लेकिन कुंडा पहुंचकर बृजभूषण ने न केवल उन अटकलों पर विराम लगाया, बल्कि यह स्पष्ट कर दिया कि वे राजा भैया को अपना सुख-दुख का साथी मानते हैं। इस मंच पर पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान जैसे नेताओं की मौजूदगी ने इस जमावड़े को और भी खास बना दिया।

कुंडा के कार्यक्रम के ठीक आसपास बृजभूषण शरण सिंह का एक और बयान सुर्खियों में आया, जिसने राजनीतिक पंडितों को चौंका दिया। उन्नाव दुष्कर्म कांड में सजा काट रहे पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के परिवार को लेकर बृजभूषण ने खुले तौर पर कहा कि यदि सेंगर के परिवार से कोई भी व्यक्ति चुनाव मैदान में उतरता है, तो वे पूरी मजबूती के साथ उसके साथ खड़े होंगे और समर्थन करेंगे। इससे पहले भी जब सेंगर को कोर्ट से राहत या जमानत से जुड़ी ख़बरें आई थीं, तब बृजभूषण ने उनके समर्थन में बयान देते हुए कहा था कि सेंगर के खिलाफ उसी तरह षड्यंत्र रचा गया, जैसा उनके (बृजभूषण) खिलाफ रचा गया था। बृजभूषण का यह रुख कई मायनों में अहम है। कुलदीप सिंह सेंगर को भाजपा पहले ही पार्टी से निष्कासित कर चुकी है, और मुख्यधारा के राजनीतिक दल इस मामले पर खुलकर बोलने से बचते हैं। ऐसे में भाजपा के ही एक दिग्गज पूर्व सांसद द्वारा सेंगर परिवार के लिए चुनावी समर्थन का ऐलान करना इस बात का संकेत है कि यह राजनीति पार्टी लाइन से हटकर बिरादरी और व्यक्तिगत संबंधों के आधार पर आगे बढ़ रही है।



> **दिलचस्प बात यह है कि बृजभूषण शरण सिंह भाजपा में रहते हुए भी समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की तारीफ करने से नहीं चूकते। वहीं राजा भैया अपनी अलग पार्टी (जनसत्ता दल) चलाते हैं, धनंजय सिंह जदयू से जुड़े रहे हैं, और अभय सिंह सपा के बागी विधायक हैं। इसके बावजूद इन सभी नेताओं के बीच का संवाद और एक-दूसरे के प्रति समर्थन बेहद सहज है।**

उत्तर प्रदेश में ठाकुर नेताओं की यह एकजुटता केवल बृजभूषण शरण सिंह और राजा भैया तक सीमित नहीं है। पिछले एक साल के भीतर हुए विभिन्न पारिवारिक, सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में पूर्वांचल से लेकर मध्य यूपी तक के कई प्रभावशाली ठाकुर चेहरे एक साथ नजर आए हैं। जौनपुर के पूर्व सांसद और पूर्वांचल की राजनीति में मजबूत पकड़ रखने वाले धनंजय सिंह इस पूरे समीकरण की एक अहम कड़ी हैं। गोंडा में बृजभूषण शरण सिंह की राष्ट्रकथा में धनंजय सिंह की प्रमुख मौजूदगी ने यह दिखाया कि पूर्वांचल और देवीपाटन मंडल के ये दोनों दिग्गज एक ही धुरी पर खड़े हैं। वाराणसी और चंदौली क्षेत्र में प्रभाव रखने वाले पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह और एमएलसी विनीत सिंह जैसे नेताओं का भी इन दिग्गजों से गहरा सामाजिक जुड़ाव रहा है। गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह (जो समाजवादी पार्टी से बगावत कर चुके हैं) और मिर्जापुर व आसपास के जिलों के कई क्षत्रिय जनप्रतिनिधि भी समय-समय पर इन सामाजिक मंचों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहे हैं। हालांकि धनंजय सिंह और अभय सिंह के बीच पुरानी राजनीतिक अदावत रही है, लेकिन व्यापक बिरादरी के मंचों और बृजभूषण जैसे वरिष्ठ नेताओं के साथ इन सभी के व्यक्तिगत समीकरण मजबूत दिखाई देते हैं। दिलचस्प बात यह है कि बृजभूषण शरण सिंह भाजपा में रहते हुए भी समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की तारीफ करने से नहीं चूकते। वहीं राजा भैया अपनी अलग पार्टी (जनसत्ता दल) चलाते हैं, धनंजय सिंह जदयू से जुड़े रहे हैं, और अभय सिंह सपा के बागी विधायक हैं।

2024 के लोकसभा चुनावों के बाद से ही उत्तर प्रदेश में सवर्ण और विशेष रूप से ठाकुर मतदाताओं की नाराजगी या असंतोष की ख़बरें चर्चा में रही हैं। पश्चिमी यूपी से लेकर पूर्वांचल तक कई क्षत्रिय पंचायतों का आयोजन हुआ, जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा समाज की अनदेखी का मुद्दा उठाया गया। बृजभूषण शरण सिंह, राजा भैया, धनंजय सिंह और कुलदीप सेंगर जैसे नेताओं के समर्थकों के बीच यह धारणा गहरी होती जा रही है कि विभिन्न राजनीतिक दल जरूरत पड़ने पर इन नेताओं का उपयोग करते हैं, लेकिन संकट के समय या टिकट बंटवारे में इन्हें किनारे कर दिया जाता है। उदाहरण के लिए, 2024 के लोकसभा चुनाव में बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटकर उनके बेटे करण भूषण सिंह को दिया गया। कुलदीप सेंगर का परिवार राजनीतिक हाशिए पर है, और धनंजय सिंह को भी कानूनी व राजनीतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इसी पृष्ठभूमि में इन नेताओं ने अपनी सियासी प्रासंगिकता और दबदबा बनाए रखने के लिए एक नया रास्ता अख्तियार किया है। यह रास्ता है गैर-राजनीतिक मंचों के जरिए राजनीतिक शक्ति का प्रदर्शन। रामकथा, राष्ट्रकथा, जन्मदिन समारोह और पारिवारिक आयोजनों के बहाने ये नेता एक मंच पर जुटते हैं, शक्ति प्रदर्शन करते हैं और अपने समाज को यह संदेश देते हैं कि वे एकजुट हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि उत्तर प्रदेश में ठाकुर राजनीति इस समय एक नये मोड़ पर खड़ी है। बृजभूषण शरण सिंह का कुंडा जाकर राजा भैया के कसीदे पढ़ना और कुलदीप सेंगर के परिवार को खुला समर्थन देना महज संयोग नहीं है। यह एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा प्रतीत होता है, जिसका उद्देश्य किसी एक राजनीतिक दल का पिछलग्गू बनने के बजाय अपनी स्वतंत्र राजनीतिक ताकत और सौदेबाजी की क्षमता को बढ़ाना है।

मेले की व्यवस्थायें हों अच्छी प्रकार, निरीक्षण करने पहुंचे डीपीआरओ व तहसीलदार

नांगल सोती (चिंगारी)। गुरुवार को जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) डा. प्रीतम सिंह ने स्थानीय गंगा स्नान मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिये मौके पर मौजूद अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिये। उसके उपरांत नवागत तहसीलदार अंकित गिरि ने भी मेले की तैयारियों को परखा।



मेले की तैयारियों का निरीक्षण करते डीपीआरओ।

दो दिवसीय गंगा स्नान मेले की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। अधिकारी लगातार मेले की तैयारियों का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दे रहे हैं। गुरुवार को जिला पंचायत राज अधिकारी डा. प्रीतम सिंह मेलास्थल पर पहुंचे तथा मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया। नजीबाबाद के नवागत तहसीलदार अंकित गिरि ने आश्वासन दिया कि तहसील प्रशासन की टीम मेला समिति का पूरा सहयोग करेगी। गुरुवार को विकास खंड नजीबाबाद द्वारा कुछ सफाई कर्मचारियों को मेले की तैयारियों में सहयोग करने के लिये भेजा गया था। सफाई कर्मचारियों ने बाहे पर खराब / कीचड़युक्त हो रहे रास्ते पर बिछाने के लिये पास में खड़ा कांस-फूंस, फटेरा काटा तथा कीचड़ वाले स्थान पर बिछाया। जिला पंचायत राज अधिकारी के साथ एडीओ (पंचायत) अनिल कुमार, कई ग्राम पंचायत सचिव तरुण कुमार (नांगल), गौसिया अंसारी, अजीत सिंह, सतेन्द्र कुमार, अतुल भारती, इरफान अहमद, अक्षय कुमार, अर्जुन सिंह, योगेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे।

प्रशासन से नहीं मिलता अपेक्षित सहयोग

स्थानीय गंगा स्नान मेले की व्यवस्थायें बनाने में सबसे बड़ी समस्या यह आती है कि यह मेला जिला पंचायत के अधीन नहीं आता है। इस मेले की व्यवस्थाओं के लिये सरकार से कोई फंड नहीं मिलता है। सारी व्यवस्थाओं का खर्च मेला संयोजक को अपनी जेब से करना पड़ता है। प्रशासन की ओर से कुछ कर्मचारी वगैरह दिये जाते हैं, वो भी बार-बार कहने के बाद मात्र दो-तीन दिन के लिये। प्रशासनिक सहयोग न मिलने से श्रद्धालुओं में रोष है। लोगों का कहना है कि अगर प्रशासनिक सहयोग मिले, तो मेले की व्यवस्थायें ज्यादा अच्छे ढंग से की जा सकती हैं। गंगा स्नान मेले की व्यवस्थाओं का खर्च पहले ग्राम प्रधान उठाते थे, अब पिछले चार वर्षों से यह जिम्मेदारी ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल के कंधों पर है।

गांव-गांव गुलदार, किया नीलगाय का शिकार



नांगल सोती (चिंगारी)। गुलदार ने गन्ने के खेत में नीलगाय को अपना शिकार बना लिया। ग्राम खानपुर (नांगल) निवासी कृषक अशोक कुमार के गन्ने के खेत में नीलगाय का अधखाया शव गन्ना छीलने के दौरान पड़ा मिला। किसान की सूचना पर सामाजिक वानिकी के कर्मचारी अनुज शुक्ला खेत पर पहुंचे तथा जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर नीलगाय के शव को दबा दिया। गुलदार द्वारा नीलगाय को शिकार बनाने का मामला सामने आने के बाद आसपास के किसान गुलदार को लेकर डर महसूस कर रहे हैं।

गायत्री शक्तिपीठ पर ज्ञान मशाल का पूजन किया गया



डॉ. दीपक कुमार को मशाल भेंट करते हुए।

नजीबाबाद (चिंगारी)। शांतिकुंज अखिल विश्व गायत्री परिवार के 16 जनपदों के स्थानीय जोन समन्वयक डॉ. दीपक कुमार को वरिष्ठ शांतिकुंज प्रतिनिधि सुनील शर्मा ने ज्ञान मशाल भेंट की। सुनील शर्मा ने कहा कि युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा स्थापित अखिल विश्व गायत्री परिवार का प्रतीक चिन्ह ज्ञान मशाल है। मशाल में तीन रंगों वाली प्रज्वलित लौ है। मशाल की लपटों के भीतर पीला, मध्य में नारंगी व बाहर गहरा लाल रंग है। यह प्रज्वलित लाल मशाल प्रतीक है कि सद्ज्ञान से अज्ञान के अंधकार को मिटाया जा सकता है। चारों ओर बिखरती सुनहरी किरणें गायत्री मंत्र के देवता सविता देवता (उगता सूर्य) के तेज व प्रकाश की प्रतीक हैं। विश्वव्यापी प्रसार की ये किरणें दर्शाती हैं कि सद्ज्ञान व सत्प्रवृत्तियों का प्रकाश किसी एक स्थान या वर्ग तक सीमित न रहकर पूरे विश्व में फैल रहा है। डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि मशाल के नीचे खड़ा जन समूह श्वसुधैव कुटुंबकम व एकता-सामाजिक समरसता की प्रतीक है। बिना किसी जाति, धर्म, लिंग या किसी वर्ग के भेदभाव के एक साथ खड़ा विशाल जनसमूह पूरी पृथ्वी एक परिवार की भावना को दर्शाता है। गायत्री शक्तिपीठ अध्यक्ष कमल शर्मा, सचिव जितेन्द्र सिंह, जिला समन्वयक पुखराज सिंह, वरिष्ठ गायत्री परिजन, विनोद चौहान, पुष्पा शर्मा, कामेश शर्मा, सारिका अग्रवाल, सुमन वर्मा, राज भटनागर, एचपी गुप्ता ने मशाल का पूजन किया।

अवनीश अग्रवाल टांडेवाले का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कारोबारी अवनीश अग्रवाल टांडे वाले के कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने उनका जन्मदिन धूमधाम से मनाया। अवनीश अग्रवाल के जन्मदिन पर उनके विशेष सहयोगी रणवीर सिंह निराला द्वारा उनके जनसंपर्क कार्यालय पर एक भव्य व सुंदर कार्यक्रम आयोजित किया गया। अवनीश अग्रवाल टांडेवाले ने केक काटकर सभी को खिलाया। सभी ने अवनीश अग्रवाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनकी दीर्घ आयु की कामना की। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री दुष्यंत कुमार, रणवीर सिंह निराला, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष सुरभि सिंह, जिला मंत्री दीपिका गौड़, नगर अध्यक्ष मनीषा सैनी, कार्यालय प्रभारी सुरभि सैनी, धर्मेंद्र कश्यप, सुमित कश्यप, मोहम्मद अरहान, मोहम्मद गफ्फार, सुमित प्रजापति, राजवीर कुमार विश्नोई सहित काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जन्मदिन पर केक काटते हुए अवनीश अग्रवाल टांडेवाले।

पदाधिकारी मनोनीत किये



चांदपुर (चिंगारी)। राष्ट्रीय लोकदल पंचायती राज प्रकोष्ठ रूहेलखंड क्षेत्र की बैठक में पार्टी को मजबूत बनाने तथा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में पूरे जी जान से जुट जाने का संकल्प लिया गया। नगर के मुहल्ला काजीजादगान स्थित क्रय-विक्रय समिति में पंचायती राज प्रकोष्ठ रूहेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता एवं महासचिव लवकुमार के संचालन में आयोजित बैठक में सभी मनोनीत पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिए गए तथा सभी पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। बैठक में विजयपाल सिंह चेयरमैन, चन्द्रपाल सिंह, यशवीर सिंह, रविन्द्र कुमार, अशोक कुमार, मौ. अकरम, विकास कुमार, उदयराज सिंह, कुलदीप सिंह चिंकारा आदि मौजूद रहे।

आज देवोत्थान एकादशी पर किसानों ने की गन्ने की पूजा

आज से शादियों का सहालग भी शुरू

बिजनौर/नांगल सोती (चिंगारी)। आज देवोत्थान एकादशी मनाई जा रही है। इस अवसर पर किसानों ने खेतों पर जाकर अपनी मुख्य नकदी फसल गन्ने की पूजा की, जबकि शाम को घरों में परंपरागत रूप से देवताओं को जगाने की परंपरा निभाई जायेगी। सनातन धर्म में आज से शादियों का सहालग (सीजन) भी शुरू हो गया है।



हिन्दी कैलेंडर के अनुसार आज कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि है। इस एकादशी को देव प्रबोधिनी एकादशी या देवोत्थान एकादशी के नाम से जाना जाता है। गांवों में इसे देवउठनी एकादशी भी कहा जाता है। ऐसा माना जाता है कि भगवान विष्णु आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयन करते हैं, तभी से चातुर्मास आरंभ होते हैं। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन भगवान विष्णु के शयन करने का समय पूर्ण होता है। उनके जागते ही चातुर्मास का समापन हो जाता है। हिन्दुओं में चातुर्मास में मांगलिक कार्य नहीं किये जाते हैं, इसलिये इन चार माह में शादी-विवाह जैसे मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाती है। इस दिन विशेष रूप से भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। इस दिन तुलसी पूजा भी की जाती है। आज देवोत्थान एकादशी पर किसानों ने सुबह के समय खेतों में जाकर अपनी मुख्य नकदी फसल-गन्ने की पूजा की। गांवों में लोग इसे 'गैस पूजा' भी कहते हैं। 'गैस पूजा' के बाद ही गन्ने की कटाई का कार्य आरंभ होता था। अब तो गन्ने की कटाई अक्टूबर में ही शुरू हो जाती है। शाम को गन्नों से बनाये गये मंडप के नीचे भगवान विष्णु की तस्वीर को रखकर परम्परागत रूप से उनकी पूजा की जाती है। छबड़ी या सूप को उल्टा कर पीटने की रस्म भी निभाई जाती है। कई घरों में आंगन या पूजास्थल पर गेरू आदि से देव आकृतियां बनाकर शाम को परिवार के साथ दीपक जलाकर, गीत गाते हुए या परात बजाते हुए देवताओं को जगाने की परंपरा निभाई जाती है। इसे सांकेतिक रूप से भगवान विष्णु को शयन से जगाने की परंपरा माना जाता है। इस दिन शालिग्राम और तुलसी जी का विवाह भी सम्पन्न कराया जाता है।

कूड़े से जलता है इनके घरों का चूल्हा





मनोज कात्यायन

धामपुर (चिंगारी)। जिस कूड़े कचरे को अनुपयोगी समझकर घर के बाहर कूड़े के ढेर पर फेंक दिया जाता है, उसी कूड़े से कुछ अभागे लोगों के घरों का चूल्हा जलता है। इन परिवारों के बच्चे कूड़े के ढेर में रोटी तलाशते हैं।

नगर के मौहल्ला नई बस्ती में बगदाद अंसार रोड पर कुछ परिवार खुले आसमान के नीचे गुजर-बसर करते हैं। ये लोग मूल रूप से असम के कामरूप जिले के रहने वाले हैं। इनका कहना है कि ब्रह्मपुत्र नदी में आई बाढ़ में उनकी कृषि भूमि बर्बाद हो गई, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया था। इस कारण वह रोजगार की तलाश में यहां आ गये। इन लोगों को सरकार की ओर से किसी प्रकार की सुविधा या योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। मेहनत करके अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं।

“ पढ़ने की उम्र में बीन रहे हैं कूड़ा

बच्चों को जिस उम्र में पढ़ना चाहिए और उनके हाथ में किताब और कम्प्यूटर होना चाहिए, उस उम्र में इन परिवारों के बच्चे कूड़ा बीनते हैं। यह बच्चे सूरज निकलने से पहले ही ठेली या रिक्शा लेकर कूड़ा बीनने के लिए निकल पड़ते हैं और उसमें से पन्नी, प्लास्टिक व कांच की बोतले, गत्ता, लोहा आदि एकत्र करके उसे कबाड़ी को बेच देते हैं, जिससे उनके परिवार की गुजर-बसर होती है।

“ यह परिवार रहते हैं

धामपुर की नई बस्ती में बगदाद अंसार रोड पर खाली भूमि पर पन्नी डालकर रहने वाले परिवारों में असम के जिला कामरूप के गांव गोरीई मारी बिलार जान डाकखाना महातुली के अमजद अली, मुईनुल हक, बहारुल इस्लाम, सनव्वर, जहीरुल इस्लाम परिवार सहित रहते है। पिछले 9 वर्षों से यहां रह रहे हैं। अजहर अली ने बताया कि उनके आधार कार्ड, वोटर आईडी, पैन कार्ड, राशन कार्ड सभी असम के पते पर बने हुए हैं।

30 को होगा सामूहिक कन्या विवाह समारोह

धामपुर (चिंगारी)। अल्हैपुर की ब्लॉक प्रमुख/प्रशासक श्रीमती क्षमा हेमलता चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के अन्तर्गत विधानसभा धामपुर का वैवाहिक समारोह 30 नवम्बर को होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अशोक कुमार राणा रहेंगे। ब्लॉक प्रशासक/ प्रमुख ने ब्लॉक क्षेत्र के सभी गांववासियों से आग्रह किया है कि जो भी माता-पिता अपनी पुत्री की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना में सम्मिलित होकर करना चाहते हैं, वे अपने विवाह आवेदन पत्र ऑनलाइन करा दें। जिनके द्वारा पहले ही विवाह आवेदन पत्र ऑनलाइन करा दिए गए हैं वह दोबारा ऑनलाइन ना करें। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े पर कुल एक लाख रुपए सरकार के द्वारा खर्च किया जाता है, जिसमें 64 हजार रुपये कन्या के खाते में, 21 हजार रुपये का घरेलू सामान व 15 हजार रुपये का खर्च आयोजन पर, समाज कल्याण विभाग द्वारा किया जाता है।



श्रीमती क्षमा हेमलता चौहान

भाजपा व रालोद मिलकर कर रहे जनहित की राजनीति - डॉ. दिनेश चन्द



धामपुर (चिंगारी)। जनसंपर्क अभियान के दौरान पूर्व जिलाधिकारी एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह बिजनौर जनपद के धामपुर विधानसभा क्षेत्र में अपने पुराने और वरिष्ठ राजनीतिक सहयोगी श्री राजेंद्र सिंह के आवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राजेंद्र सिंह से आत्मीय मुलाकात की और विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक एवं क्षेत्रीय विषयों पर बातचीत की। मुलाकात के दौरान राजेंद्र सिंह के राजनीतिक अनुभव और उनके लंबे सार्वजनिक जीवन का भी उल्लेख हुआ। बताया गया कि राजेंद्र सिंह लंबे समय तक बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती (बहन जी) के साथ जुड़े रहे हैं और वर्तमान में राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) में सक्रिय हैं। वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल मिलकर किसानों, उद्यमियों तथा मजदूरों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रहे हैं। कृषि, उद्योग और श्रमिक वर्ग से जुड़े लोगों के हितों को प्राथमिकता देना तथा उनके विकास के लिए सकारात्मक प्रयास करना आवश्यक है। इस दौरान दुष्यंत चौहान, प्रीतम सिंह एडवोकेट, डॉ. राजेश, दीपम वीर और दीपक गुर्जर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।

बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय

निकट थाना कोतवाली, धामपुर

मनोज कात्यायन 9927500708

जुल्फिकार मंसूरी 9568154643

इंकाइयों ने मनाया इन्दिरा गांधी का जन्मदिन

धामपुर (चिंगारी)। गुरुवार को भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी का जन्मदिन धामपुर नगर कांग्रेस कमेटी -व- ब्लाक कमेटी अल्हैपुर ने संयुक्त रूप से मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष जसराम सिंह ने की तथा संचालन डॉ. नदीम नज़ाकत खां ने किया।

कार्यक्रम में डॉ. नदीम नज़ाकत खां अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, जसराम सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, इकरार अहमद अंसारी, वसीम रज़ा,इसरार अंसारी, लौकेन्द चौहान, उदयराज सिंह चौहान, नसीमुद्दीन मंसूरी, मदन सिंह, कुमारपाल सिंह, कार्तिकेय, वसीम अहमद अब्बासी आदि ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह दढ विचारों की महिला थीं। उन्होंने भारत को एक सशक्त और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए कार्य किया।



चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता।

अशोक राणा ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन

धामपुर (चिंगारी)। स्थानीय रामलीला मैदान में एक माह तक चलने वाले धामपुर महोत्सव प्रदर्शनी मेले का उद्घाटन क्षेत्रीय भाजपा विधायक अशोक राणा ने फीता काटकर किया। इस दौरान मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने विधायक अशोक राणा का शॉल ओढ़ाकर और रामदरबार का चित्र भेंटकर स्वागत किया।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक अशोक राणा ने कहा कि इस तरह के मेले बच्चों के मनोरंजन का बेहतर माध्यम होते हैं तथा इन आयोजनों से दर्जनों परिवारों को रोजगार भी मिलता है। उन्होंने कहा कि मेले में मनोरंजन के साथ-साथ लोगों को आपसी मेल-मिलाप का अवसर मिलता है और रोजमर्रा की जिंदगी के मानसिक तनाव को भी दूर करने में मदद मिलती है। लगभग एक महीने तक चलने वाले इस मेले में बच्चों और बड़ों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले, नाव झूला, खेल-खिलौनों की दुकानें, चाट-पकौड़ी सहित खानपान और खरीदारी की अनेक दुकानें लगाई गई हैं। उद्घाटन के दौरान श्री बाग रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल कटका, महामंत्री मनोज जोशी, कोषाध्यक्ष सौरभ मित्तल, गजेंद्र जोशी, सचिन जोशी, हर्ष राजपूत, मुंसफ मलिक मौजूद रहे।



बिजनौर की आबोहवा अच्छी, होर्डिंग्स से शहर की सूरत बिगड़ी- डीएम

नगरपालिका ने चलाया अवैध होर्डिंग्स के विरुद्ध अभियान

बिजनौर (चिंगारी)। नवागत जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को बिजनौर शहर की आबोहवा अच्छी लगी, मगर जहां-तहां बेतरतीब लगे होर्डिंग्स उन्हें नागवार गुजरे हैं। लिहाजा उनके निर्देश पर नगर पालिका परिषद ने शहर को सुन्दर और व्यवस्थित बनाने के लिए बड़ा अभियान शुरू किया है।

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने चिंगारी के साथ एक संक्षिप्त अनौपचारिक मुलाकात में बिजनौर शहर की सूरत सुधारने का इरादा व्यक्त किया। कहा, 'बिजनौर शहर अच्छा है, यहां काफी हरियाली है, हवा भी साफ है, शांति व सौहार्द है, लेकिन शहर में चप्पे-चप्पे पर अवैध एवं अव्यवस्थित ढंग से होर्डिंग लगे हुए हैं, जिससे शहर की सूरत बिगड़ी हुई है। उन्होंने नगरपालिका को अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। जिनके अनुपालन में नगर पालिका ने बृहस्पतिवार को नूरपुर रोड पर नगर पालिका सीमा के अन्तर्गत अवैध रूप से लगे होर्डिंग/बोर्ड के खिलाफ अभियान चलाया।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि अभियान के अन्तर्गत विज्ञापनकर्ताओं द्वारा बिना पालिका की अनुमति एवं शुल्क जमा किए बिना



अवैध के साथ टैक्स अदा करने वाली साइट्स को भी हटाया

जिन साइट्स का नगरपालिका को टैक्स जमा होता है, कल नगर में चलाये गये अभियान के अंतर्गत उन साइट्स को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे एडवरटाइजर्स को भारी नुकसान हुआ है। दूसरी ओर उन होर्डिंग्स/बोर्ड को छुआ तक नहीं, जिन पर सत्तापक्ष के नेताओं के नाम व फोटो छपे हुए हैं। इसे लेकर लोगों में रोष है।

पुलिस लगे अवैध होर्डिंग/बोर्ड को पालिका द्वारा हटाया गया। इस विशेष अभियान का नेतृत्व पालिका के अधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन द्वारा किया गया, जिसमें अधिशासी अधिकारी रामपाल सिंह, कर अधीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह यादव, सफाई निरीक्षक गोविन्द चौधरी, टीएसआई रवि नैन आदि शामिल रहे।

नगर पालिका ने खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया

बिजनौर (चिंगारी)। प्रदेश स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं में जिले का नाम रोशन करने वाली खेल प्रतिभाओं को नगर पालिका परिषद बिजनौर की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष इंदिरा सिंह ने खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

नगर पालिका परिषद के डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए



पालिकाध्यक्ष इंदिरा सिंह ने कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है, बल्कि व्यक्ति का सर्वांगीण विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

कार्यक्रम में भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयोजक डॉ. बीरबल सिंह ने कहा कि जिला मुख्यालय पर खिलाड़ियों के लिए एक और स्टेडियम की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा, ताकि जिले की प्रतिभाएं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के साथ एशियाई खेलों और ओलंपिक में भी पदक हासिल कर सकें। इस दौरान प्रदेश स्तरीय मैराथन में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले आदित्य वीर सिंह और नरेंद्र सिंह, एथलीट दिव्या पाल, निकेत खान, कोच तरुण शहरावत, खेल प्रतिभा प्रिया सिंह, प्रतीका राठी और अमित राठी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी रामपाल सिंह, सभासद घनश्याम गुप्ता, राजकुमार, संजय बिश्नोई, प्रभाकर, प्रिंस, जुल्फिकार बेग, मानव सचदेवा, सुरेंद्र सिंह, शमशाद अहमद, ऑडिटर वीरेंद्र कुमार, नदीम अहमद, सोनिका और नेहा शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



पहली पत्नी ने की पति की पिटाई दूसरी बीच में आई तो उसकी भी धुनाई

बिजनौर (चिंगारी)। जजी परिसर में गुरुवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दो बुर्काधारी महिलाओं के बीच मारपीट हो गई। ये दोनों महिलाएं खुद को एक ही व्यक्ति की पत्नी बता रही थीं। इस दौरान महिलाओं ने अपने कथित पति की भी जमकर धुनाई की। काफी देर तक हंगामा हुआ।

हुआ यूं कि एक महिला ने जजी परिसर में ही अपने पति को पकड़कर उसकी पिटाई शुरू कर दी। उसे बचाने के लिए मौके पर पहुंची दूसरी पत्नी भी मारपीट का शिकार हो गई। पहली पत्नी ने कथित दूसरी पत्नी को काफी देर तक खींच-खींचकर पीटा। अचानक हुए इस घटनाक्रम से जजी परिसर में हंगामा खड़ा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पहली पत्नी ने किसी बात को लेकर अपने पति के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान पति को बचाने के लिए दूसरी पत्नी बीच में आ गई, तब पहली पत्नी ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। दोनों महिलाओं और पति के बीच हुए इस विवाद को देखकर मौके पर मौजूद लोग हैरान रह गए। शोर-शराबा सुनकर बड़ी संख्या में अधिवक्ता और वादकारी मौके पर एकत्र हो गए। दो महिलाओं के बीच पति को लेकर हुई इस मारपीट की घटना पूरे दिन परिसर में चर्चा का विषय बनी रही।

नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया



हल्दौर (चिंगारी)। नहटौर विधानसभा क्षेत्र के हल्दौर मण्डल में भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष गौरव चौहान 'गोल्डी' के आवास पर किसान मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारयों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मतदाता जोड़ो अभियान को लेकर अभियान को गति देने के लिए ज्यादा से ज्यादा वोट बनाने के लिए चर्चा की, साथ ही मंडल कार्य समिति के गठन एवं ग्राम पंचायत समिति के गठन के लिए विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला महामंत्री शोभित कुमार त्यागी, विधानसभा विस्तारक ऋषभ चौधरी, नवनिर्वाचित मण्डल अध्यक्ष ठाकुर वरुण प्रताप सिंह 'हनी प्रधान' विपिन कुमार, राजीव चौहान, हिरेन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष विपुल कुमार चौधरी, गौरव चौहान 'गोल्डी', जिला कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिसौदिया, कुलमणि देशवाल, कपिल कुमार, हर्षित कुमार, प्रकाश वीर, कुलबीर सिंह उपस्थित रहे।

प्राकृतिक चिकित्सा दिवस मनाया



बिजनौर(चिंगारी)। राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस, छात्रों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। योगी अनंत योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष योगेश कुमार और सचिव अनंत कुमार के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. नरेंद्र सिंह ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने नशे से शरीर के आंतरिक अंगों को होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी देते हुए योग, प्राकृतिक चिकित्सा और संतुलित आहार अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नशामुक्त भारत बनाने के लिए इस अभियान को जनआंदोलन बनाना जरूरी है। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने नशामुक्ति जागरूकता रैली भी निकाली।

आभा सिंह ने लिहाफ वितरित किये



चांदपुर (चिंगारी)। आभा फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती आभा सिंह की ओर से गरीब लोगों को लिहाफ वितरण करना शुरू कर दिया गया है। इसी क्रम में कल 300 लिहाफों का वितरण किया गया। श्रीमती आभा सिंह ने ग्राम शेखपुरी, भगोड़ा, लैनपुरी, मीरापुर एवं जोगीपुर-नौरंगपुर में रजाई वितरण कार्यक्रम आयोजित कर विधवा, दिव्यांग एवं आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को 300 रजाइयों का वितरण किया। श्रीमती आभा सिंह ने बताया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। मालूम हो कि आभा फाउंडेशन की ओर से प्रतिवर्ष हजारों जरूरतमंदों में लिहाफ का वितरण किया जाता है।

शैलेंद्र चौधरी ने एसडीएम नगीना से जनहित के मुद्दों पर चर्चा की

नजीबाबाद (चिंगारी)। अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष एवं एडवोकेट शैलेंद्र चौधरी ने एसडीएम नगीना बीरपाल सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की जनसमस्याओं, प्रशासनिक कार्यप्रणाली व आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि अपना दल (एस), एनडीए गठबंधन का एक मजबूत व जिम्मेदार घटक दल है। पार्टी की प्राथमिकता सत्ता में सहभागिता के साथ जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाना व उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि गठबंधन की मजबूती तभी सार्थक होगी, जब सरकार की योजनाओं व प्रशासनिक व्यवस्था का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा। उन्होंने एसडीएम बीरपाल सिंह की कार्यशैली की सराहना करते हुए प्रशासनिक समन्वय व जनसमस्याओं के समयबद्ध निस्तारण के महत्व पर भी चर्चा की। उन्होंने एसडीएम से जनहित से जुड़े विषयों पर सकारात्मक संवाद किया।



एसडीएम नगीना को गुलदस्ता भेंट करते शैलेंद्र चौधरी।

राईन बिरादरी की समस्याओं को हल कराने के लिए विचार किया



राईन बिरादरी की मीटिंग में शामिल पदाधिकारी व सदस्य।

नजीबाबाद (चिंगारी)। राईन बिरादरी की एक मीटिंग मौहल्ला रम्पुरा में शमीम अहमद के आवास पर आयोजित की गई। मीटिंग में राईन बिरादरी के जिम्मेदार पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया, जिसमें राईन बिरादरी की समस्याओं को हल कराने व तरक्की के लिए विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर निर्णय लिया गया है कि जल्दी ही पूरी बिरादरी को एकत्र कर बिरादरी स्तर पर संगठन को मजबूत किया जाएगा। मीटिंग में 14 महल के सेक्रेटरी मौ. अजमल ने भाग लेकर अपनी बात रखी। इस मौके पर पूर्व जज मौ. आदिल, अब्दुल वाहिद राईन, खुर्शीद आलम एडवोकेट, सभासद मौ. अच्छन राईन, हाजी महबूब, हाफिज अली हसन, निसार अहमद, रईस अहमद, अनीसुर्रहमान एडवोकेट, शमीम उर्फ भूरे आदि मौजूद रहे।



कुंडा चौराहे पर कार की चपेट में आकर युवक की मौत

शेरकोट (चिंगारी)। बृहस्पतिवार की दोपहर नेशनल हाईवे पर गांव मुबारकपुर कुंडा के चौराहा के निकट अनियंत्रित हुई वैगनआर कार की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। घटना के बाद कार सड़क किनारे गड्ढे में जाकर पलट गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों की तहरीर पर कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम मुबारकपुर निवासी 22 वर्षीय प्रंकुश कुमार पुत्र भूपेंद्र सिंह कल दोपहर जंगल से पैदल अपने घर लौट रहा था। जब ये कुंडा चौराहे के पास पहुंचा तो पीछे से अनियंत्रित होकर आयी कार ने उसको टक्कर मार दी। इस दौरान कार सड़क किनारे खड़े श्री व्हीलर और पुलिस के वेरीफाइड से टकराते हुए सड़क किनारे गड्ढे में जाकर पलट गई। घटना में प्रंकुश गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल युवक को तत्काल उपचार हेतु सीएचसी अफजलगढ़ ले जाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना में कार सवारों को भी मामूली चोट लगी।

बताया जाता है कि कुछ साल पहले मृतक की पिता की मृत्यु हो गई थी। फिलहाल वह खेती का काम करता था। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि सेंट पॉल स्कूल विकास नगर देहरादून निवासी क्लासटन पुत्र लुकस (स्कूल फादर) और उनके साथी आशीष पुत्र टिंकू कार में सवार थे, जो जनपद रामपुर के टांडा से घर लौट रहे थे। पूछताछ में कार चालक को नींद की झपकी लगने की बात सामने आयी है। कार चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

दहेज के लिये विवाहिता को घर से निकाला, पिता को बंधक बनाया

शेरकोट (चिंगारी)। एक विवाहिता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर अपने पति व सास सहित ससुराल पक्ष के चार लोगों पर दहेज में दो लाख रुपए लाने के लिए मारपीट करने, पिता को बंधक बनाने और जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

थानाक्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर निवासी काजल पुत्री खूब सिंह के मुताबिक 10 अप्रैल 2019 को उसकी शादी कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम हुसैनाबाद निवासी नीटू पुत्र लाल सिंह के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुई थी, जिसमें उसके माता-पिता ने अपनी सामर्थयनुसार दान दहेज दिया था। विवाहिता का आरोप है कि दहेज से उसका पति व अन्य ससुराल के लोग खुश नहीं थे और दो लाख रुपए लाने के लिए मारपीट करते थे। इस बात को लेकर लगभग एक साल पूर्व ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया था। तब से वह अपनी दो साल की पुत्री के साथ मायके में रह रही है। आरोप है कि गत 12 नवम्बर को उसके पिता जी कुछ लोगों के साथ उसकी ससुराल में बातचीत करने गए थे। इस दौरान उन्होंने गाली गलौच की और जबरन कमरे में बंद कर लिया। 112 पर काल करने पर पहुंची पुलिस ने उन्हें बचाया। विवाहिता का आरोप है कि आरोपी 13 नवम्बर को गाड़ी भरकर उनके गांव पहुंचे और पिता को जान से मारने का प्रयास किया। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर नीटू कुमार, मुन्नी देवी निवासीगण ग्राम हुसैनाबाद थाना कोतवाली देहात और सुभाष व सुरेंद्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कीर्तिका ने प्राप्त किया चतुर्थ स्थान

नूरपुर (चिंगारी)। बिजनौर में मतदाता साक्षरता क्लब के अंतर्गत 18 नवंबर को आयोजित जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल, नूरपुर की छात्रा कीर्तिका शेखावत ने चतुर्थ स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। इस प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के कुल 40 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता की शुरुआत विद्यालय स्तर से हुई थी, जिसमें कीर्तिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके उपरांत नूरपुर विधानसभा स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में



तृतीय स्थान प्राप्त कर उन्होंने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। जिला स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उन्होंने चतुर्थ स्थान हासिल किया इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक मनदीप सिंह, प्रधानाचार्य अवनीश कुमार, उपप्रधानाचार्या अर्चना राजपूत, समन्वयक दीपक कुमार एवं मतदाता साक्षरता क्लब के समन्वयक अंशुल कुमार ने छात्रा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य ने कहा कि 'कीर्तिका की यह उपलब्धि उसकी लगन, मेहनत और निरंतर प्रयासों का परिणाम है।'

जनगणना में लगे शिक्षकों को शिक्षण कार्य से मुक्त करने की मांग

बिजनौर (चिंगारी)। प्राथमिक शिक्षक संघ बिजनौर के जिलाध्यक्ष सुधाराज सिंह ने जनगणना कार्य में लगे कार्मिकों को जनगणना पूर्ण होने तक विद्यालय के दायित्व से मुक्त करने की मांग की है। शिक्षक एक साथ दोहरी जिम्मेदारी नहीं निभा पा रहे हैं, जिससे जनगणना का कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी जोगेंद्र कुमार से मांग की है। उन्होंने कहा है कि वर्तमान में जनगणना का अतिमहत्वपूर्ण कार्य गतिमान है, जिसमें स्व-गणना का कार्य चल रहा है। जिलाध्यक्ष सुधाराज सिंह ने कहा कि जनगणना कार्य में लगे कार्मिक विद्यालय के दायित्व से घिरे होने के कारण जनगणना का कार्य सुचारू रूप से संपन्न होने में अवरोध आ रहा है। शिक्षक एक साथ दोहरी जिम्मेदारी नहीं निभा पा रहे हैं, जिससे जनगणना का कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि अन्य जनपदों की भांति बिजनौर में भी जनगणना कार्य में लगे कार्मिकों को जनगणना कार्य पूर्ण होने तक विद्यालय के दायित्व से मुक्त करने का आदेश निर्गत किया जाए, ताकि जनगणना का कार्य समय से और सुचारू रूप से पूरा हो सके।

डा.अनिल सिंह ने किया जनसम्पर्क

बिजनौर (चिंगारी)। भगवंत ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह ने बिजनौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्राम भोजपुर एवं ग्राम फजलपुर पहुंचकर सम्मानित ग्रामवासियों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार करते हुए ग्रामीणों से संवाद किया।



ग्राम भोजपुर में बूथ अध्यक्ष भूपेंद्र, ऋषिपाल सिंह, बाबूराम, लोकमान पाल, बलवंत पाल, प्रिंस चौधरी, तेजेंद्र चौधरी, प्रेम चौधरी, कुलदीप सिंह, रोहित एवं अक्षित सहित अनेक ग्रामवासियों से भेंट की। वहीं ग्राम फजलपुर में पूर्व ग्राम प्रधान चरण सिंह, ललित, हरीश, राजवीर सिंह, महिपाल सिंह, ओमप्रकाश सिंह, हरेंद्र, अरुण, रंजीत, गंगाराम, धर्मेंद्र एवं तेजपाल सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों से आत्मीय संवाद किया। इस अवसर पर डॉ. अनिल सिंह ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार की नीतियों का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास और जनकल्याण का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा जनहितकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया।

आसपा की समीक्षा बैठक में हुआ संविधान बचाओ कार्यक्रम पर विचार

कोतवाली देहात (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी बढ़ापुर विधानसभा के प्रबल उम्मीदवार मौलाना अतीकुर्रहमान कासमी के कैंप कार्यालय कोतवाली देहात में समीक्षा बैठक हुई, जिसमें आगामी 26 नवंबर को लखनऊ में प्रस्तावित पार्टी की संविधान बचाओ कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में संयुक्त मोर्चा गठबंधन के घटक दल आजाद समाज पार्टी के कर्यकर्ता एवं ऑल इंडिया मजलिस इतिहादुल मुस्लिमीन (आईआईएमआईएम) के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। इसमें नगना विधानसभा प्रत्याशी शीतल कुमारी, विकास सर्यवंशी, दीपक कुमार, शोभा रानी, विधानसभा बढ़ापुर के विधानसभा अध्यक्ष सरताज, नगीना विधानसभा अध्यक्ष इदरीस, धामपुर विधानसभा अध्यक्ष लईक अहमद, शमशाद



अहमद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बैठक में लखनऊ में प्रस्तावित रैली को सफल बनाने एवं 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर लंबी चर्चा हुई। इस अवसर पर मौलाना अतीकुर्रहमान कासमी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार की नाकामियों एवं दलित मुसलमानों पिछड़ों की अनदेखी के चलते प्रदेश की जनता बदलाव की ओर जाने को व्याकुल है।

मेरठ-हरिद्वार लिंक एक्सप्रेस-वे निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

भूमि क्रय की प्रक्रिया का औपचारिक शुभारम्भ

तीन काश्तकारों ने आपसी सहमति से बैनामे किये

बिजनौर (चिंगारी)। मेरठ-हरिद्वार लिंक एक्सप्रेस-वे परियोजना के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए वृहस्पतिवार 19 नवंबर 2026 को जनपद बिजनौर में भूमि क्रय की प्रक्रिया का औपचारिक शुभारंभ किया गया। तहसील बिजनौर के ग्राम पपावर खुर्द के तीन काश्तकारों ने आपसी सहमति के आधार पर उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वेज़ औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के पक्ष में अपनी भूमि के बैनामे निष्पादित किए।

बैनामा निष्पादित करने वाले काश्तकारों में श्री योगेन्द्र सिंह पुत्र श्री गोपी सिंह, श्री विकास पुत्र श्री कमेन्द्र तथा श्री सुरेन्द्र पुत्र श्री गोपी सिंह शामिल हैं। प्रशासन के साथ सकारात्मक सहयोग करने और परियोजना को गति देने के लिए जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह द्वारा तीनों



काश्तकारों को सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि लगभग 147 किलोमीटर लंबी मेरठ-हरिद्वार लिंक एक्सप्रेस-वे परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत जनपद बिजनौर के कुल 109 ग्राम सम्मिलित हैं, जिनमें तहसील बिजनौर के 62 ग्राम, तहसील चांदपुर के 34 ग्राम तथा तहसील नजीबाबाद के 13 ग्राम शामिल हैं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) तथा संयुक्त मजिस्ट्रेट, बिजनौर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

टावर पर चढ़कर हंगामा करने वाली महिला शिक्षकों का चालान

बिजनौर (चिंगारी)। यूसुफपुर हमीद में सड़क निर्माण की मांग को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़कर हंगामा करने वाली दोनों महिला शिक्षकों के खिलाफ शहर कोतवाली पुलिस ने नौ दिन बाद कार्रवाई की है। पुलिस ने महिला शिक्षक मीनाक्षी और हिमानी का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया।

11 नवंबर को महिला शिक्षक मीनाक्षी, हिमानी सड़क निर्माण की मांग को लेकर टावर पर चढ़ गई थीं। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें समझाने का प्रयास किया था। करीब पांच घंटे की मशक्कत और अधिकारियों के आश्वासन के बाद दोनों टावर से नीचे उतरी थीं। घटना के नौ दिन बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की है। शहर कोतवाल अवनीत मान ने बताया कि महिला के दोबारा हंगामा करने की आशंका के चलते शांति भंग की आशंका में चालान किया गया है।

पटाखा साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न पर चलाया बुलडोजर

यातायात माह के तहत ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ चला अभियान

बिजनौर (चिंगारी)। यातायात माह नवंबर-2026 के तहत बिजनौर यातायात पुलिस ने ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दोपहिया वाहनों में अवैध रूप से लगाए गए तेज आवाज करने वाले पटाखा साइलेंसर, मॉडिफाइड साइलेंसर और वाहनों में लगे प्रतिबंधित प्रेशर हॉर्न के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान 100 से अधिक पटाखा एवं मॉडिफाइड साइलेंसर तथा 45 प्रेशर हॉर्न हटवाकर जब्त किए गए। पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देशन में सड़क सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने और ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। यातायात पुलिस ने जब्त किए गए अवैध साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न को बुलडोजर की सहायता से नष्ट करा दिया, ताकि भविष्य में इनका दोबारा इस्तेमाल न हो सके। यातायात पुलिस के अनुसार, पटाखा साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न से निकलने वाली अत्यधिक तेज ध्वनि आम नागरिकों, बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों के लिए परेशानी का कारण बनती है। अचानक तेज आवाज से वाहन चालकों का ध्यान भी भटक सकता है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे उपकरण यातायात नियमों के उल्लंघन के साथ-साथ ध्वनि प्रदूषण को भी बढ़ावा देते हैं। यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे अपने वाहनों में निर्धारित मानकों के अनुरूप साइलेंसर और हॉर्न का ही प्रयोग करें। अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर, पटाखा साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न का इस्तेमाल न करें तथा यातायात नियमों का पालन कर सड़क सुरक्षा और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।



खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

मोतियाबिंद की जांच हुई

हीमपुर दीपा (चिंगारी)। क्षेत्र के रतनपुर खुर्द गांव के ग्राम सचिवालय भवन पर मुफ्त मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें 130 रोगियों का पंजीकरण कर 50 रोगियों को चिन्हित किया गया। बृहस्पतिवार को विवेक हॉस्पिटल बिजनौर द्वारा आयोजित शिविर में सुबह से ही रोगियों की भारी भीड़ रही। नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम ने शिविर में आए सभी रोगियों का परीक्षण कर उन्हें मुफ्त दवा का वितरण कराया। शिविर में डॉ. नीरज कुमार, धीरेंद्र राणा व आशुतोष आनंद (मार्केटिंग डिपार्टमेंट) और शालु त्यागी (नर्सिंग) मौजूद रहे।



सभी जनपदवासियों को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभ नवरात्री शुभ दीपावली
त्योहारों की खुशियाँ मनाएं
चौधरी होंडा के साथ
आज ही अपनी पसंदीदा बाइक/स्कूटर
बुक करें या खरीदें और पाएं
₹2100/- का SAMSUNG MOBILE बिल्कुल FREE
Shine 100 DX
Activa 110
डाउन पेमेंट ₹5100*
एक्सचेंज बोनस ₹2000*
कैशबैक ₹10000*
कम किश्त ₹2499*
चौधरी होण्डा
स्टेशन रोड, बिजनौर
मण्डावर ब्रांच- बिजनौर रोड निकट बिजली घर, मण्डावर, बिजनौर
M. 9927224422, 8958224422

आईएचएमएस कोटद्वार में धूमधाम से मनाया गया लोक पर्व 'इगास'

लोक संस्कृति के रंग में रंगे विद्यार्थी और प्राध्यापक



कोटद्वार (चिंगारी)। इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट स्टडीज (आईएचएमएस) कोटद्वार में उत्तराखंड का प्रसिद्ध लोक पर्व इगास (बूढ़ी दीपावली) हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान का परिसर पहाड़ की लोक संस्कृति और पारंपरिक रीति-रिवाजों के रंग में रंगा नजर आया। कॉलेज परिसर में आयोजित इगास उत्सव में छात्र-छात्राओं एवं संस्थान के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। छात्रा सुनिधि, कल्पना, विनीता और साक्षी ने मनमोहक रंगोली बनाई। कॉलेज की कल्चर कमेटी की सदस्य असिस्टेंट प्रोफेसर सपना नेगी, श्रुति नेगी और श्रेया नेगी ने दीपों से रंगोली सजाई। इसके बाद कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी ने सर्व प्रथम दीप प्रज्वलित कर सभी के सुख शांति और समृद्धि की कामना की। इसके बाद अन्य प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने दिए जाये।

इस अवसर पर कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी ने इगास पर्व के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तराखंड की लोक परंपराएं हमारी सांस्कृतिक पहचान हैं। नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और परंपराओं से जोड़ने के लिए ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कहा कि आईएचएमएस में शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति, विरासत और सामाजिक मूल्यों से जोड़ने के लिए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। समारोह में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा, जन संपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र जगवान, कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष अनुराग सेमवाल, होटल मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष वेद प्रकाश राठौर सहित कॉलेज के सभी प्राध्यापक, अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धामी सरकार का पुतला जलाया

ऋषिकेश (चिंगारी)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जौलजीबी मेले में कांग्रेस विधायक हरीश धामी के साथ किए गए कथित अपमानजनक व्यवहार के विरोध में कांग्रेस ने भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। कांग्रेस प्रदेश महासचिव जयेन्द्र रमोला, पूर्व महानगर अध्यक्ष ललित मोहन मिश्र ने कहा कि जौलजीबी मेला उत्तराखंड की संस्कृति, परंपरा और आपसी सौहार्द का प्रतीक है। ऐसे सार्वजनिक मंच पर एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि के साथ इस प्रकार का व्यवहार करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री का पद संवैधानिक गरिमा और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का प्रतीक होता है, ऐसे में मुख्यमंत्री को सभी जनप्रतिनिधियों का सम्मान करना चाहिए व लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विपक्ष के जनप्रतिनिधियों का सम्मान करना सरकार की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री को अपने व्यवहार के लिए सार्वजनिक रूप से खेद व्यक्त करना चाहिए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मदन मोहन शर्मा व पार्षद दल नेता देवेन्द्र कुमार प्रजापति ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जौलजीबी मेले में कांग्रेस विधायक हरीश धामी के साथ किया गया व्यवहार भाजपा की अहंकारी मानसिकता को दर्शाता है। उत्तराखंड की संस्कृति अतिथि सत्कार और आपसी सम्मान की रही है, लेकिन मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक मंच पर जिस प्रकार का व्यवहार किया, वह प्रदेश की गरिमा के अनुरूप नहीं है। कांग्रेस पार्टी इस अपमान को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी और जनप्रतिनिधियों के सम्मान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। मौके पर महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष पुष्पा मिश्रा, सुनीता बंसल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंदन सिंह पंवार, हरी सिंह नेगी, पुरंजय, जगजीत सिंह जग्गी, मनीष जाटव, सूरत कोहली, गौरव राणा, राजेश साह, भूपेन्द्र राणा, अमित पाल, राजू गुप्ता, विनोद रतूड़ी, रुकम पोखरियाल, बप्पी अधिकारी, छात्र संघ महासचिव रेहान बंदोलिया, उदित झा, विकेश, शिवानी, सृष्टि, महक आदि उपस्थित रहे।

भूमिगत विद्युत लाइन बिछाने से ध्वस्त हुई सड़कों की शीघ्र हो मरम्मत : डॉ. प्रेमचंद

ऋषिकेश (चिंगारी)। विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने ऋषिकेश स्थित अपने कैंप कार्यालय में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने क्षेत्र में गतिमान भूमिगत विद्युत लाइन के कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्य को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही कुम्भ में विद्युत विभाग के कार्य एंव नगर निगम में बन रहे सब स्टेशन की भी जानकारी ली। डॉ.अग्रवाल ने कहा कि भूमिगत विद्युत लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों के कारण आमजन को आवागमन में परेशानी हो रही है तथा कई लोग चोटिल भी हो रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को खोदी गई सड़कों को तत्काल समतल करने के निर्देश दिए। इस पर अधिकारियों ने चेंबर निर्माण के बाद सड़क को दुरुस्त करने की बात कही। इस पर डॉ. अग्रवाल ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर सड़क निर्माण एवं मरम्मत का कार्य शीघ्र शुरू करने को कहा। उन्होंने कहा कि भूमिगत विद्युत लाइन के कार्य में लगभग 50 ट्रांसफार्मर लगाए जाने हैं। ऐसे में जिन क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाने हैं, वहां संबंधित अधिकारी स्थानीय लोगों के साथ समन्वय बनाकर लचीला व्यवहार अपनाएं, ताकि कार्य में अनावश्यक बाधा उत्पन्न न हो। डॉ. अग्रवाल ने कुंभ निधि से विद्युत विभाग द्वारा प्रस्तावित एवं किए जाने वाले कार्यों का विस्तृत ब्योरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि कोई ठेकेदार लापरवाही बरतता है या निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य नहीं करता है, तो उसका कार्य तत्काल रुकवाकर उसे हटाने की कार्रवाई की जाए।

हाथी व गुलदारों की आवाजाही से गांवों में दहशत

कोटद्वार (चिंगारी)। लैंसडौन वन प्रभाग की दुगड्डा रेंज के साझासैंण और नाथूपुर गांवों में हाथियों और गुलदारों की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत है। कुछ दिन पूर्व एक हाथी गांव में घुस आया। वनकर्मियों और ग्रामीणों ने पटाखे फोड़कर उसे आबादी से दूर करने का प्रयास किया। हाथी साझासैंण से नाथूपुर पहुंचा जहां ग्रामीणों की सतर्कता और सोलर फेंसिंग की मदद से उसे गांव की सीमा से बाहर किया गया। स्थानीय निवासी चंदन सिंह, मंगल सिंह, अमर सिंह व बनवारीलाल ने बताया कि पिछले लंबे समय से क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही बनी हुई है। इनकी मौजूदगी से साझासैंण, नाथूपुर, बस्यूर ब्राह्मण, गुनी बस्यूर और बिलंगी गांवों में खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों के कारण दुगड्डा बाजार तक अकेले आना-जाना भी जोखिम भरा हो गया है। वहीं गुलदारों की आवाजाही से भी मानव-वन्यजीव संघर्ष की आशंका बनी हुई है। इस संबध में दुगड्डा रेंज अधिकारी रमेश चंद्र सिंह नेगी ने बताया कि वन क्षेत्र में लैंटाना उन्मूलन का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। शाकाहारी वन्यजीवों के लिए चारागाह विकसित करने और ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर फेंसिंग लगाने की योजना भी बनाई जा रही है, इससे गांव में जंगली जानवरों के आवागमन पर रोक लग सकेगी।

जनपदीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में एमकेबीएन की छात्राओं ने फहराया परचम

कोटद्वार (चिंगारी)। डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन, पौड़ी गढ़वाल की ओर से 12 एवं 13 नवंबर को आयोजित जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में देवी रोड स्थित एमकेवीएन स्कूल की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के कार्यकारी निदेशक मयंक कोठारी ने बताया कि प्रतियोगिता के अंडर-15 छात्रा वर्ग में विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा नंदिनी तोमर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि आरोही मलासी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। बताया कि विद्यालय परिसर में संचालित मिरेकल टेबल टेनिस अकादमी में ये खिलाड़ी नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों की इस सफलता में अकादमी के कोच रूपवंत ठाकुर के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य ज्योति कुलश्री ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इस प्रकार की उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

जीआईसी में हुआ जनपद स्तरीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन

बाल वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किये माडल्स

कोटद्वार (चिंगारी)। एस.सी.ई.आर.टी. एवं समग्र शिक्षा के संयुक्त तत्वावधान में आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में जनपद पौड़ी गढ़वाल की डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जनपद स्तरीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में जनपद के विभिन्न विकासखंडों से आए लगभग 480 बाल वैज्ञानिकों एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। महोत्सव का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत एवं अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल पदमेन्द्र कुमार बिष्ट ने बाल वैज्ञानिकों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों का अवलोकन किया और उनके नवाचार की सराहना की। मुख्य अतिथि महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने बाल वैज्ञानिकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज के ये नन्हे वैज्ञानिक ही कल के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माता हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित न रहकर समाज और विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों की व्यावहारिक समस्याओं के समाधान का माध्यम बनना चाहिए। वहीं, अपर निदेशक पदमेन्द्र कुमार बिष्ट ने विद्यार्थियों को डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन से प्रेरणा लेकर नवाचार व शोध की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। जिला विज्ञान समन्वयक दौलत सिंह गुसाईं ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में छिपी वैज्ञानिक व प्रौद्योगिक प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें एक सशक्त मंच प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों में अन्वेषण की प्रवृत्ति, तार्किक सोच और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि वे राष्ट्र के भविष्य के प्रति दूरदर्शी एवं जिम्मेदार नागरिक बन सकें। महोत्सव में बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के जूनियर वर्ग के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 एवं सीनियर वर्ग कक्षा 9 से 12 के छात्र-छात्राओं ने सतत एवं विकसित भारत के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार मुख्य विषय के अंतर्गत कृत्रिम बुद्धिमत्ता, हरित ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण, गणितीय प्रतिरूपण, स्वास्थ्य व स्वच्छता, स्वदेशी कृषि पद्धतियां, ग्रामीण परिवर्तन और आपदा प्रबन्धन जैसे उपविषयों पर आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। वहीं विज्ञान नाट्य प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों ने मानव जाति के कल्याण के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विषय के तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इलेक्ट्रिक वाहन, अंतरतारकीय आवास और महासागरों के संरक्षण पर नाट्य प्रस्तुतियां दीं।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी, पौड़ी अंशुल बिष्ट, खंड शिक्षा अधिकारी दुगड्डा वर्षा भारद्वाज और प्रधानाचार्य व स्थल संयोजक मुकेश रावत, मनोज रावत, परितोष रावत, पूनम पांथरी, दीपक नेगी और उमेश कुमार वर्मा सहित अनेक शिक्षक व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

काशी विश्वनाथ धाम की सुरक्षा होगी और मजबूत

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती के लिए 4.19 एकड़ भूमि देने की तैयारी

वाराणसी (एजेंसी/चिंगारी)। श्री काशी विश्वनाथ धाम की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की स्थायी तैनाती की तैयारी की जा रही है। इसके लिए वाराणसी सदर तहसील के अंतर्गत 4.19 एकड़ (1.697 हेक्टेयर) गैर-जेडए (नॉन-जेडए) भूमि भारत सरकार के गृह मंत्रालय को निःशुल्क पट्टे पर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। भूमि का आवंटन न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा। प्रदेश मंत्रिपरिषद की गत दिवस हुई बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

प्रस्ताव के अनुसार, संबंधित भूमि ग्राम किला कोहना एवं सरैताबाद में स्थित है। सर्किल रेट के आधार पर इस भूमि का वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 44.04 करोड़ रुपये आंका गया है। प्रस्ताव के तहत गैर-जेडए श्रेणी की इस भूमि को सरकारी संपत्ति के प्रबंधन से संबंधित (संशोधन) नियमावली, 2003 के विशेष प्रावधानों के अंतर्गत 30-30 वर्ष के नवीनीकरण के आधार पर अधिकतम 90 वर्षों के लिए निःशुल्क पट्टे पर दिया जाएगा। दरअसल, श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर के निर्माण के बाद यहां प्रतिदिन देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, पर्यटकों और विशिष्ट महानुभावों का आवागमन होता है। ऐसे में मंदिर परिसर और आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा को देखते हुए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की स्थायी तैनाती की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसका उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षा बलों की त्वरित उपलब्धता और न्यूनतम प्रतिक्रिया समय सुनिश्चित करना है। पट्टे की शर्तों के अनुसार, आवंटित भूमि पूरी तरह असंक्रमणीय होगी और इसका उपयोग केवल सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया जा सकेगा। भूमि का स्वामित्व उत्तर प्रदेश शासन के राजस्व विभाग के पास ही रहेगा। वहीं, पट्टा विलेख का निष्पादन राज्यपाल की ओर से जिलाधिकारी द्वारा किया जाएगा। इस व्यवस्था से श्री काशी विश्वनाथ धाम की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत एवं प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

ॐ शांति शांति ॐ



रसम तेरहवी एवं श्रद्धांजलि सभा

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय

श्री अभय जैन

का देहावसान दिनांक 18 नवम्बर 2026 को हो गया है,
जिनकी रसम तेरहवी एवं श्रद्धांजलि सभा

दिनांक : 20 नवम्बर 2026 (शुक्रवार)
स्थान : रॉयल कैसल (Royal Castle)
बायपास रोड, बिजनौर

अपराह्न 2:00 बजे संपन्न होगी !

शोकाकुल परिवार

- श्रीमती शशि जैन (ताई जी)
- श्रीमती चन्द्रप्रभा जैन धनपाल जैन (ताऊ जी - ताई जी)
- श्रीमती लता जैन (चाची जी)
- श्रीमती सुनीता जैन सुभाष जैन (भाभी - भाई)
- श्री रमेश कुमार जैन (पिता) (डोलक बीड़ी वाले)
- श्रीमती सपना जैन (धर्मपत्नी)
- निधि जैन - अमित जैन (दीदी एवं जीजा जी)
- अरहम जैन (पुत्र)
- प्रांज्ञा जैन (पुत्री)
- लविष्का जैन (पुत्री)
- आदित्य जैन - मान्या जैन (भानजा - भानजी)

अनंत ज्वेलर्स परिवार

9411051572 | 9897000737

ॐ शांति शांति ॐ



महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।



आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध

सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

सभी जनपदवासियों को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकानमाएं

तुरंत आवश्यकता युवक की आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज





हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।









सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist

Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat

CLASSIC TAILORS

9927060150



CLASSIC SHOES

CLASSIC Shoes

सभी को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं

M: 9897041426

NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | le Coqer | campus

Add.: Chahshireen Road, Bijnor

सभी को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD

Kajaria Exculsive Showroom

बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट

Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom



DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT

TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY

Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक

₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा

8445517265
8791919960

सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर